हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


4

अघ्हन गुरुवार को लक्ष्मी पूजा के साथ किया दीपदान




## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय फुटबॉल में आकाश का चयन



**कोरबा**। 25वी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मिनीमाता स्कूल के 14 वर्षीय आकाश यादव का राज्य स्तरीय में चयन हुआ। कल्याण शिक्षण समिति के सचिव गिरीश शर्मा, पदाधिकारी एवं सदस्यगण, मिनीमाता स्कूल के प्राचार्य भोजेंद्र सिंह, खेल शिक्षक गोपाल दास महंत एवं शिक्षकों के द्वारा छात्र को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया गया।

### आयुष ने भारत को जानो स्पर्धा में हासिल किया प्रथम स्थान



**कोरबा**। भारत विकास परिषद् भिलाई (नासपानी) शाखा द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता डीपीएस बालको के छात्र आयुष अग्रवाल ने अपने सहपाठी के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्टूबर को किया गया था, जिसमें प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास, भूगोल और महान व्यक्तित्वों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। भारत विकास परिषद् की प्रांत अध्यक्ष रीता कश्यप, प्रांत महासचिव और प्रांत संस्कार गतिविधि संयोजक ने विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने आयुष अग्रवाल और उनके सहपाठी को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि बालको और भिलाई दोनों के लिए गर्व की बात है।

### इंटक कार्यालय में घुसा सांप, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा**। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इन दिनों लगातार घरों में सांप निकलने की जानकारी मिल रही हैं जिसके कारण सर्पदंश की घटना होने की संभावना बनी रहती हैं। मानिकपुर क्षेत्र में इंटक कार्यालय में सुबह 11 बजे खिड़की के अंदर 7 फीट का धमना सांप फंस गया था, खिड़की में जाली लगने के कारण वो बाहर निकल नहीं पा रहा था। फिर इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम अध्यक्ष जितेंद्र सारथी को दिया गया। जिसके उपरांत खिड़की में फंसे धामन सांप को जितेंद्र सारथी ने बाहर निकाला और उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

### दिव्यांग विरेन्द्र दास को ट्रायसिकल प्रदान की

**कोरबा**। महापौर ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत रामनगर बस्ती के निवासी दिव्यांग विरेन्द्र दास को ट्रायसिकल प्रदान की। उन्होने श्री दास को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, धनश्री साहू एवं प्रीति दिनेश शर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, अजय साहू, दिनेश शर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली रामनगर बस्ती के निवासी विरेन्द्र दास पैरों से दिव्यांग हैं तथा उन्हें कहीं भी आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। महापौर ने दास को ट्रायसिकल प्रदान की तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विरेन्द्र दास ने महापौर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया तथा कहा कि ट्रायसिकल प्राप्त हो जाने के कारण अब मुझे कहीं भी आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा व परेशानी नहीं होगी।

# पर्यावरण मंजूरी और भूमि अधिग्रहण में देरी, 12 प्रोजेक्ट चल रहे पीछे

## विजय वेस्ट, आमाडांड, अमगांव परियोजना में हो रही देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनी एसईसीएल की 12 कोयला खनन परियोजनाएं पर्यावरण मंजूरी और भूमि अधिग्रहण में देरी जैसे कारणों से निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं। एसईसएल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन परियोजनाओं में से तीन खदानों की लागत 500 करोड़ रुपए और उससे अधिक है।

5 खदानों की लागत 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक, लेकिन 500 करोड़ रुपए से कम है। 2 खदानों की लागत 100 करोड़ रुपए और उससे अधिक, लेकिन 150 करोड़ रुपए से कम तथा एक खदान की लागत 50 करोड़ रुपए और उससे अधिक, किंतु 100 करोड़ रुपए से कम है। एक खदान की लागत 20 करोड़ रुपए और उससे अधिक, लेकिन 50 करोड़ रुपए से कम है।

**खास बातें**

- एसईसीएल की इन परियोजनाओं में से तीन की लागत 500 करोड़ रुपए से भी अधिक



देरी वाली कुछ परियोजनाओं में प्रमुख रूप से आमाडांड ओपन कास्ट खदान, अमगांव ओपन कास्ट परियोजना और विजय वेस्ट भूमिगत खदान है। एसईसीएल की 30 चालू परियोजनाओं में 18 निर्धारित समय पर चल रही हैं, जबकि 12 परियोजनाओं में विलंब हो रहा है। बताया गया है कि 500 करोड़ रुपए या उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं की निगरानी कोयला मंत्रालय द्वारा मासिक परियोजना समीक्षा बैठकों के माध्यम से की जा रही है। 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं की निगरानी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत निगरानी प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। यहां बताना होगा कि एसईसीएल में 44,571 करोड़ रुपए की स्वीकृत पूंजी के साथ 302.75 मिलियन टन प्रति वर्ष की कुल अंतिम क्षमता के लिए 73 प्रमुख कोयला परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें 38 परियोजनाओं का काम पूरा हो चुका है। चालू वित्तीय वर्ष में एसईसीएल के समक्ष 212 मिलियन टन का लक्ष्य है। 3 नवंबर की स्थिति में कंपनी का उत्पादन 91.43 मिलियन टन पर पहुंचा है, जबकि 100 मिलियन टन का आंकड़ा पार हो जाना चाहिए था।

## जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# जीएसटी की टीम ने पकड़े तीन संदिग्ध ट्रक भरा था अमोनियम नाइट्रेट, ठोका जुर्माना



जीएसटी की टीम द्वारा जप्त किए गए वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जीएसटी विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन ट्रक जब्त किया है। तीनों ट्रकों में से एक ट्रक में अमोनियम नाइट्रेट, दूसरे में सरिया और तीसरे में स्क्रैप भरा हुआ था। तीनों ट्रकों के चालकों के पास ईवे बिल नहीं होने पर जीएसटी विभाग ने सरिया व कबाड़ से लदे ट्रक के खिलाफ 7-7 लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। वहीं अमोनियम नाइट्रेट गैस सिलेंडर लोड ट्रक के खिलाफ भी जुर्माने की कार्यवाही की गई है।

**खास बात**

- दूसरे ट्रक में भरा था छड़ व तीसरे में स्क्रैप

उल्लेखनीय है कि जीएसटी विभाग ने जिले में पहली बार बड़ी कार्यवाही की है। जीएसटी की टीम ने 18 चक्के वाले तीन ट्रक जब्त किए हैं। इन तीनों ट्रकों में विस्फोटक पदार्थ, छड़ और स्क्रैप भरा हुआ पाया गया है। विभाग ने इन गाड़ियों को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एक ट्रक में सरिया लोड था, जिसे रायगढ़ से रायपुर ले जाया जा रहा था। दूसरे ट्रक में कबाड़ भरा हुआ था जो बालको से रायपुर जा रहा था। तीसरे ट्रक में 34 टन अमोनियम नाइट्रेट भरा हुआ था, जिसे ड्राइवर के मुताबिक गुजरात से लाया गया था और गोपालपुर स्थित इंडियन ऑयल कंपनी ले जाया जा रहा था। अब सवाल यह उठता है कि इंडियन ऑयल जैसी पेट्रोलियम कंपनी के लिए विस्फोटक रासायनिक पदार्थ का उपयोग आखिर किस उद्देश्य से किया जा रहा था। विभाग इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए कंपनी से लगातार पूछताछ कर रही है, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमोनियम नाइट्रेट एक रासायनिक यौगिक है जिसका प्रयोग सामान्यतः उर्वरक और खनन उद्योग में विस्फोटक तैयार करने के लिए किया जाता है। हालांकि इसकी गलत हैंडलिंग या अवैध उपयोग से यह अत्यधिक विस्फोटक और खतरनाक साबित हो सकता है। इसीलिए इसके परिवहन और उपयोग पर सख्त सरकारी नियम लागू हैं। वहीं दूसरा ट्रक जिसमें छड़ भरा हुआ था, उसका परमिट रायपुर का पाया गया, जबकि वह ट्रक रायगढ़ से चलकर मध्य प्रदेश की ओर जा रहा था। दस्तावेजों में गड़बड़ी पाए जाने पर विभाग ने इस पर लगभग 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। तीसरे ट्रक में स्क्रैप लदा था, जो कोरबा से जांजगीर चांपा होते हुए रायपुर ले जाया जा रहा था। हालांकि कागज में दिल्ली की पार्टी होना बताया जा रहा है। जांच में कर अनियमितता मिलने पर जीएसटी विभाग ने इस ट्रक के खिलाफ भी 7 लाख का जुर्माना ठोका है। अब सवाल यह उठता है कि जब जिले में कबाड़ का कार्य बंद है तो यहां से कबाड़ की गाड़ी कैसे लोड होकर जा रही थी। फिलहाल जीएसटी विभाग ने तीनों ट्रकों को अपने कब्जे में लेकर आगे की वित्तीय एवं सुरक्षा जांच शुरू कर दी है। मामले की सूचना संबंधित उच्च अधिकारियों को भी भेज दी गई है।



पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए।

# नहर किनारे ट्रेलर पार्किंग करना पड़ा महंगा, हादसों का रहता था खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला कनबेरी नहर मार्ग में ट्रेलर चालक सड़क पर ही ट्रेलर को पार्क देते हैं जिसकी वजह से हमेशा हादसों का अंदेशा बना रहता है। कई बार पुलिस ने ट्रेलर चालकों को समझाइश भी दी है लेकिन इसके बाद भी ट्रेलर चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे ट्रेलर चालकों के खिलाफ सर्वमंगला चौकी पुलिस ने अभियान चलाते हुए धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

**खास बात**

- सर्वमंगला चौकी पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

उल्लेखनीय है कि सर्वमंगला से कनकी जाने वाले नहर मार्ग में भारी वाहनों का परिचालन होता है। खासतौर पर कोयले से भरे ट्रेलर वाहन सबसे ज्यादा इस मार्ग में दौड़ते हैं और हमेशा इस मार्ग में हादसों का खतरा बना रहता है। हादसों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है और ट्रेलर चालकों को समझाइश भी दी जा रही है लेकिन इसके बाद भी ट्रेलर चालक अपनी मनमानी कर रहे हैं और सड़क पर ही वाहनों को पार्क कर रहे हैं। खासतौर पर सर्वमंगला कनकी मार्ग में ट्रेलर चालक अक्सर सड़क किनारे ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिससे रात के समय में हादसों का खतरा बना रहता है। ऐसे ट्रेलर चालकों को सबक सिखाने के लिए सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी अपने टीम के साथ सड़क पर निकले थे सड़क पर बेतरतीब पार्किंग करने वाले तीन ट्रेलर चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्यवाही कर जुर्माना वसूल किया। यातायात पुलिस ने इस मार्ग में हेलमेट न पहनने वाले दो पहिया वाहन चालकों को रोककर भी उन्हें समझाइश दी। पुलिस आने वाले दिनों में इस मार्ग में हेलमेट को लेकर अभियान चलाएगी।

# अधेड़ व्यक्ति ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी, पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक अधेड़ व्यक्ति ने एक सप्ताह पूर्व अपने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को पता चला कि उसने जहर खा लिया तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरभवना निवासी संपत सिंह 56 वर्ष पिता नान्ही सिंह खेती किसानी का काम करता था। जिसने बीते शुक्रवार को अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो परिजनों ने संपत सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां संपत का कई दिनों से उपचार चल रहा था। गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे इलाज के दौरान संपत सिंह की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मार्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधेड़ व्यक्ति ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।



मृतक


# युवक की नाले में मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार की शाम मोटरसाइकिल लेकर अपने घर से निकले एक अधेड़ की बाइक के गुरुवार की सुबह लक्ष्मण नाला के समीप लावारिश हालत में मिलने के बाद जब नाले में उसकी खोजबीन की गई तो नाले से उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खास बातें**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नाला की घटना
- बुधवार की शाम घर से बाइक लेकर निकला था युवक



घटनास्थल तथा इनसेट में मृतक।

मामला कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकासनगर का है। यहां निवासरत सुभाष तिवारी 45 वर्ष पिता स्वर्गीय रामजश तिवारी पताढ़ी स्थित कोरबा पावर प्लांट में एक निजी कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि सुभाष तिवारी बुधवार की देर शाम अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 एल 0866 में सवार होकर किसी काम से आदर्श नगर की ओर गया हुआ था। देर रात होने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद ⏭ शेष पेज 3 पर


## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिया संज्ञान

# फ्लोरामैक्स धोखाधड़ी मामले में अब केन्द्रीय एजेंसी करेगी उच्च स्तरीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की लगभग 40 हजार महिलाओं से अरबों रुपए की कथित धोखाधड़ी करने वाली फ्लोरामैक्स कंपनी पर अब शिकंजा कसता नजर आ रहा है। इस पूरे मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। अब इस घोटाले की जांच केंद्रीय एजेंसी करेगी।

उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने इस मामले की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में दर्ज कराई थी।



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

National Commission for Scheduled Tribes

शिकायत में बताया गया था कि कंपनी ने ग्रामीण महिलाओं को लालच देकर 30-30 हजार रुपए का लोन निकलवाया और उनसे लगभग 120 करोड़ रुपए का निवेश कंपनी में कराया गया। शिकायत के बाद आयोग ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को इस संबंध में 30 दिन के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने अपनी सिफारिश में कहा कि यह मामला गंभीर वित्तीय अनियमितता और आदिवासी महिलाओं के आर्थिक शोषण से जुड़ा है। इसलिए इसमें एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करते हुए समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही आयोग ने कहा कि जांच एजेंसी द्वारा तैयार चालान की प्रमाणित प्रति आयोग को भेजी जाए। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि इस मामले की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाए तथा पीड़ित महिलाओं को मुआवजा और न्याय दिलाने की दिशा में राज्य सरकार शीघ्र कदम उठाए।

**13 आरोपी गिरफ्तार, 10 को मिली जमानत**

आयोग के समक्ष बिलासपुर संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन ने बताया कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से 10 आरोपी जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को राहत दिलाने के लिए आरोपियों की संपत्तियों की तलाश की जा रही है, और कुछ संपत्तियां बरामद भी की गई हैं।

# महिला गई थी धान कटाई में चोरों ने पार कर दिए जेवरात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला विगत दिनों अपने घर में कुंडी लगाकर धान कटाई के लिए गई थी। इस बीच चोरों ने उसके घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली है। महिला की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम रेंकी का मामला, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंकी निवासी परमीला बाई पटेल उम्र 35 वर्ष पति श्याम लाल पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 नवंबर को धान कटाई के लिए वह खेत गई थी इस दौरान सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने उसके घर की कुण्डी को तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 45 हजार रुपए के सामानों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### हाइवा की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

**बिलासपुर।** स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका को हाइवा के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका घायल हो गई और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सकरी पुलिस के अनुसार, मंगला अभिषेक नगर निवासी संगीता कोराम पति चंदन सिंह कोराम कोटा आमाली शासकीय स्कूल में सहायक शिक्षिका हैं। 6 नवंबर की सुबह 9.15 बजे वे घर से स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल, 1280 से स्कूल जाने निकली थीं। उन्होंने लोखंडी ओवरब्रिज पार किया इसी दौरान हाइवा क्रमांक सीजी 10 आर, 3070 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दाहिनी तरफ से बिना साइड एंडीकेटर दिए गाड़ी मोड़कर उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वे स्कूटी से दूर जाकर गिरने से घायल हो गईं और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने शिक्षिका संगीता कोराम की रिपोर्ट पर हाइवा चालक उपेन्द्र पासवान के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### होटल संचालक पति पत्नी से मारपीट

**बिलासपुर।** ग्राहकी को लेकर होटल संचालक पति पत्नी से जातिगत गाली



गलौज कर मारपीट करने वाले हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। अजाक थाना से मिली जानकारी के अनुसार, अभिलाषा परिसर निवासी रामेश्वरी लहरे पति गणेश लहरे ने रिपोर्ट लिखाई। वे न्यू बस स्टैण्ड में होटल चलाती हैं। 12 अक्टूबर की दोपहर 1 बजे सुधा कश्यप, निखिल कश्यप, उसके भैय्या, भाभी होटल में ग्राहक के नाम से लड़ाई कर जातिगत गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। पुलिस ने जांच के बाद पीड़िता की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व 3, 1 द, 3, 1 ध एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नाले में लाश मिलने से सनसनी, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** सकर्रा निवासी एक व्यक्ति की नाले में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
हिर्री टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, ग्राम सर्करा निवासी भास्कर शर्मा पिता स्व. भवमोचन शर्मा 43 साल आईटीआई करने के बाद पुणे में नौकरी कर रहे थे। पिछले 6 माह से गांव में आकर रह रहे थे। बुधवार की शाम वह घर से निकले थे। उसके बाद रात भर घर नहीं लौटे। गुरूवार की सुबह परिजन तलाश कर रहे थे। इसी दौरान गांव के लोगों ने काजू फैक्ट्री के पास नाले में भास्कर की लाश देखी। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई। नाले से शव बाहर निकालकर फोरेसिंक टीम के द्वारा जांच की गई। उसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### युवती से मारपीट कर फाड़ा कपड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कपड़ा दुकान में काम करने वाली युवती से दूसरी दुकान में काम करने वाली तीन युवतियों व एक युवक ने जमकर मारपीट कर कपड़ा फाड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, सीपत क्षेत्र की रहने वाली एक युवती तेलीपारा शारदा काम्प्लेक्स के एक कपड़ा दुकान में काम करती है। 4 नवंबर को दूसरी दुकान में काम करने वाली तीन युवतियां व एक युवक गौरीशंकर ने एकराय होकर कमेंट्स करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर दी थी। उन्होंने घटना की रिपोर्ट नहीं लिखाई। 5 नवंबर को फिर से तीनों युवती व युवक ने उनके साथ मारपीट करते हुए कपड़ा फाड़ दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**अधिकारियों ने कहा-2 माह में चालू होगी लाइन** | **नेहरू नगर जोन और आसपास के इलाकों में सप्लाई अभी भी अधूरी**

# डबल सप्लाई के लिए खर्च हो गए 2 करोड़, 3 साल बाद भी समस्या जस की तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर जोन व सर्किट हाउस सबस्टेशन को डबल सप्लाई देने की योजना पिछले 3 सालों से ठंडे बस्ते में है। संसाधन और निर्माण कार्य में अबतक 2 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी बिजली की समस्या जस की तस बनी हुई है। यही कारण है कि अभी नेहरू नगर जोन और आसपास के इलाकों में बिजली की समस्या बनी हुई है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार मामला संज्ञान में आने के बाद अब इसकी सप्लाई दुरूस्त करने की योजना बन चुकी है। टेंडर खुलने के बाद निर्माण में तेजी आएगी। अरपा नदी के दोनों ओर



शिवघाट और शिव चौक कुदुदंड बैराज के नजदीक बिजली विभाग ने दो टॉवर बनाए है। इन टॉवरों से ही कोनी सबस्टेशन की 33 केंवी लाइन की सप्लाई सीधे तौर पर सर्किट हाउस सबस्टेशन तक लाई जाएगी। करीब 3 साल पहले निर्माण कार्य व संसाधनों में बिजली विभाग 2 करोड़ रूपए फूंक चुका है, लेकिन इसके बाद अधिकारियों के ट्रांसफर के बाद मामला ठंडे बस्ते में जा चुका है। हाल ही में पश्चिम डिवीजन के कार्यपालन यंत्री ने सप्लाई को दुरूस्त करने के लिए फिर से काम शुरू किया है। हाल ही में इसके लिए नया टेंडर किया गया है, जिसके तहत लाइन में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा, वहीं दो माह के भीतर सप्लाई शुरू की जाएगी। अधिकारी का कहना है कि इस बार गर्मी में नेहरू नगर जोन और सर्किट हाउस जैसे इलाकों में बिजली की समस्याओं में कमी आएगी। एक बार सप्लाई शुरू होने के बाद तिफरा सबस्टेशन में पड़ने वाला लोड भी कम हो सकेगा।

### पेड़ों की कटाई छंटाई जरूरी

बताया जा रहा है कि कोनी सबस्टेशन से सर्किट हाउस सबस्टेशन तक सप्लाई लाने में कई बाधा का सामना करना पड़ रहा है। नदी के बीचों बीच बड़े स्पान में तार जोड़ दिया गया है, लेकिन सप्लाई शुरू करने से पहले पेड़ों की कटाई और छटाई की जाएगी। जिसमें समय लग सकता है। इसके लिए टेंडर, स्वीकृति की समस्या है, लेकिन दो माह में काम पूरा होने की उम्मीद है।

### बिजली बंद की समस्या से जूझते हैं लोग

खास बात यह है कि नेहरू नगर सबस्टेशन पूरी तरह से तिफरा सबस्टेशन 33 केवी सप्लाई पर निर्भर है। तिफरा से बिजली बंद होने के बाद नेहरू नगर सबस्टेशन प्रभावित हो जाता है। इस साल बारिश के दिनों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। बिजली की समस्याओं से लोगों को कई तरह की परेशानी भी झेलनी पड़ी है। कोनी से सप्लाई आने के बाद कुछ हद तक राहत मिल सकती है।

### दो माह में शुरू होगी सप्लाई

हाल ही में दोनों टॉवर के मध्य तारों को जोड़ दिया गया है लेकिन सप्लाई डेड है। अभी चार्ज करने में थोड़ा समय लग सकता है। टेंडर किया गया है, काम जारी होने के बाद महज 2 माह में सप्लाई शुरू हो जाएगी।

**-बीबी नेताम,** ईई, पश्चिमी डिवीजन

---

निवासियों ने कहा- बार-बार की तोड़फोड़ ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया

# लिंगियाडीह के लोगों ने घेरा निगम और कलेक्टोरेट, दो घंटे तक होता रहा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रभावित नागरिकों ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में कलेक्टर के साथ निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

- स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं

निवासियों का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। घेराव और हंगामे के दौरान स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है।

दो घंटे तक हंगामा और नारेबाजी के दौरान लोगों ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी।

उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है, और हाल में पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। इससे पहले भी लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं, लेकिन उस स्थल पर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।



प्रभावितों ने कोटा विधायक अटल व मस्तूरी विधायक लहरिया के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन।

### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

आंदोलन करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

### वर्षों से बसे निवासियों का मकान तोड़ना भाजपा का असली चेहरा : अटल

विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया ने जिलाधीश को पूरी प्रक्रिया एवं स्थानीय निवासियों की मांग से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों से ज्यादा समय से सभी निवास कर रहे हैं। 1982 तत्कालीन मध्यप्रदेश के स्व. अर्जुन सिंह सरकार द्वारा प्रदत्त पट्टा भी लोगों के पास है। 2019 में सर्वे कराकर अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा पात्र व्यक्तियों की सूची भी तैयार की गई थी, जिसमें सभी का नाम है। आपत्तिजनक बात यह भी है कि उक्त मकानों को तोड़कर नगर निगम पार्क एवं कामर्शियल काम्पलेक्स का हवाला दे रही है। प्रतिनिधि मण्डल को कलेक्टर ने आश्वस्त किया की विधि अनुसार कार्रवाई पूरी जांच के पश्चात ही होगी। विधायक अटल श्रीवास्तव एवं दिलीप लहरिया ने संयुक्त रूप से कहा कि गरीबों का मकान तोड़ने का नोटिस देना भाजपा का असली चेहरा उजागर करता है।

### किया जा रहा है सर्वे

पहले सर्वे किया जा रहा है और उसी के आधार पर रिपोर्ट बनेगी। यह जानकारी ली जा रही है कि कितने पक्के मकान हैं और कितने कच्चे। कितने परिवार इन स्लम एरिया में रहते हैं। इनमें से कितनों को वहीं तो कितनों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा सकता है। प्रारंभिक सर्वे में ऐसे 113 लोगों को चिन्हांकित किया गया।

**- प्रवीण शर्मा,** जोन कमिश्नर

---

**विनोबानगर में आवासीय नक्शे पर तीन दुकानों का निर्माण**



# निगम ने चलाया बुलडोजर हंगामा और विरोध भी

**बिलासपुर।** शहर के जोन 4 विनोबानगर की आर 1 गली में आवासीय नक्शे पर तीन दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें सड़क पर अतिक्रमण भी किया गया है। लोगों की शिकायत के बाद निगम ने मकान मालिक को नोटिस जारी किया है लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं की जा रही थी। निगम पर मिलीभगत के आरोप लगे तो गुरुवार की दोपहर बुलडोजर चला दिया गया। निगम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मकान मालिक के पहुंचने से पहले ही दुकानों की नींव तक उखाड़ डाली। मौके पर समर्थकों के साथ पहुंचे अवैध निर्माणकर्ता राजेश मिश्रा ने हंगामा और विरोध तो किया लेकिन बाद में सख्ती के बाद शांत भी हो गया।

- निस्तारी के रास्ते पर 2 फीट कब्जा कर लिया था, सड़क हो गई थी संकरी

गौरतलब है कि जोन 4 के अंतर्गत विनोबानगर की आर 1 गली में आवासीय नक्शे पर दुकानों का निर्माण निर्माण राजेश मिश्रा द्वारा किया जा रहा था। इसमें कालोनी की सार्वजनिक सड़क पर कब्जा करते हुए तीन दुकानें बनाईं जा रहीं थीं। कालोनीवासियों का कहना है कि इस मकान का नक्शा 1972 में पास किया गया था। उसके बाद किसी प्रकार की व्यावसायिक निर्माण की कोई अनुमति नहीं ली गई। अब इस अवैध निर्माण से सड़क संकरी हो रही है और लोगों को परेशानी हो रही है। इस गली में करीब 50 फ्लैट और 25 मकान हैं।

### अवैध बाउंड्रीवाल को ढहाया गया

इसके साथ ही निगम ने ज्वाली नाले के किनारे अवैध निर्माण के बाद अब यहाँ की बेशकीमती जमीन पर बने अवैध बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया है। यहां पूरी जमीन पर ही कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। जानकारी के मुताबिक भूमाफियाओं ने राजस्व अफसरो से सांठगांठ कर यहां दूसरी जमीन बिठवा दी है। एक परिवार ने रोड तक बाऊन्ड्रीवाल खड़ी कर दी थी।

### शनिचरी में अवैध निर्माण पर नोटिस

शनिचरी क्षेत्र में चबूतरों पर किए गए अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम ने दो लोगों विकास ठाकुर और श्यामलाल गुप्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इन दोनों ने सार्वजनिक चबूतरों पर अवैध रूप से कब्जा कर उन्हें दुकानों में तब्दील कर दिया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि उक्त निर्माण बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध किए गए हैं। फिलहाल नोटिस जारी कर दोनों पक्षों से जवाब मांगा गया है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया है। निगम का कहना है कि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने की स्थिति में नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि रजिस्ट्री पेपर में सामने की सड़क में 48 फीट जमीन है, लेकिन निस्तारी के रास्ते पर 2 फीट कब्जा कर लिया गया है। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। निगम ने राजेश मिश्रा को नोटिस जारी किया था लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। गुरुवार को मौके पर पहुंची निगम की टीम ने तीनों दुकानों को तोड़ डाला। नींव तक उखाड़ डाली गई।

---

## शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली युवती की बहन के घर में किराए में रह रहे चिंगराजपारा निवासी गिरधर साहू पिता सुखराम साहू 29 साल से जान पहचान हो गई थी। पढ़ने के लिए अपने जोरापारा किराए के मकान में बुलाया और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। शादी करने के लिए बोलने पर टालमटोल करता था, बाद में उसने दूसरी लड़की से शादी कर ली। उसके बाद भी गिरधर साहू प्रताड़ित कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। प्रताड़ना से तंग आकर उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376, 2, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



## करंट से ग्रामीण की मौत मामले में दो नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जंगली जानवर के शिकार के लिए जंगल में जीआई तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 29 अक्टूबर को तखतपुर चिरहापारा धूमा निवासी अयोध्या सिंह खुसरो पिता अधियार सिंह खुसरो की कोटा क्षेत्र के करपिहा जंगल में जानवर का शिकार करने के लिए बिछाए गए जीआई तार के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस लगातार शिकारियों की पतासाजी में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शिकारी जंगल में छिपे हुए हैं। गुरूवार को टीआई तोप सिंह नवरंग ने स्टाफ के साथ जंगल में घेराबंदी करते हुए आरोपी नर्मदा डिंडोल निवासी जान सिंहबैगा पिता चरण बैगा 48 साल, अनिल बैगा पिता मंहगु बैगा 25 साल व दो नाबालिग को पकड़कर गैर इरादतन हत्या की धारा 105, 238, 3, 5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।




## गुदरी चौक पर दुकान में सेंधमारी कर 25 मिनट में 25 लाख के मोबाइल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। इस बार चोरों ने शहर के बीच गुदरी चौक पर स्थित मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सेंधमारी कर दुकान में घुसे चोर आईफोन, सैमसंग और वीवो जैसी महंगी कंपनी के मोबाइल फोन चोरी कर ले गए है जबकि 30 हजार से नीचे के मोबाइल फोन को चोरों ने दुकान के बाहर ही फेंक दिया दिया है। चोर दुकान व आस पास लगे सीसीटीवी में कैद हुए है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। चोर 25 मिनट के अंदर में लगभग 25 लाख रुपए से अधिक के मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि बौरीपारा निवासी विक्रांत जायसवाल व विवेक जायसवाल द्वारा गोलू मोबाइल के नाम से गुदरी चौक पर ही दुकान का संचालन किया जाता है। व्यवसायी भाई 5 नवंबर की रात अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह उनके दुकान में चोरी होने की सूचना स्थानीय लोगों ने दी जिसके बाद संचालक दुकान पहुंचे तो उनके होश उड़ गए।



### चल रही है जांच

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। घटना की जांच चल रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी

## मारपीट करने वाले कोचिंग सेंटर के दो शिक्षकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एक कोचिंग सेंटर के सामने एक निजी शिक्षक के द्वारा ट्यूशन का पाम्पलेट बांटने पर कोचिंग सेंटर के दो शिक्षकों के द्वारा गुण्डागर्दी कर मारपीट की गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

विद्यानगर निवासी अभय अग्रवाल प्राइवेट ट्यूशन क्लास चलाते हैं। गुरूवार को वे सीएमडी चौक स्थित आचार्या कोचिंग क्लासेज के पास अपनी ट्यूशन क्लास का पाम्पलेट छात्र छात्राओं को बांट रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया है पाम्पलेट बांटने के दौरान कोचिंग सेंटर के शिक्षक सौरभ द्वेदी, आदिल आए और पाम्पलेट बांटने का विरोध करते हुए उनके साथ गाली गलौज कर हाथपाई करते हुए मारपीट की है। पीड़ित मारपीट व गाली गलौज करते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है। वीडियो वायरल होने के बाद तारबाहर पुलिस हरकत में आई। तारबाहर टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, अभय अग्रवाल की रिपोर्ट पर हमलावर सौरभ द्वेदी, आदिल के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पालना सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 17 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्र 68 गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के पास दैहान पारा छोटी कोनी में पालना सहायिका के 1 रिक्त पद पर 17 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका 17 नवम्बर तक कार्यालय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

## महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

महिला के अकेलेपन का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 अक्टूबर के भोर में 4 बजे वह शौच कर वापस लौट रही थी। इसी दौरान नीलकंठपुर का विनय उरांव उसे पकड़कर अपने घर ले गया जहां पूरे दिन व रातभर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही उसने धमकी दी कि तुम्हारा पीटीआई काम करने बाहर गया हुआ है इस लिए इसकी जानकारी किसी को बत देना। वहीं आरोपी ने 25 से 26 अक्टूबर तक महिला को अर्रा डोंगरी जंगल में दो दिनों तक जबरन दुष्कर्म किया। महिला ने इस घटना की शिकायत 5 नवंबर को पुलिस से की। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद थाना अंतर्गत ग्राम नीलकंठपुर निवासी विनय आ. मुंशी उरांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 64(2)(एम), 127(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### जयसिंह को मिली एसआईआर अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी



**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की निगरानी के लिए समिति का गठन किया है। यह समिति राज्यभर में चल रहे मतदाता सूची सत्यापन अभियान की संसदीय क्षेत्रवार मॉनिटरिंग और समन्वय का कार्य करेगी। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को समिति का संयोजक बनाया गया है, जबकि वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू और रविंद्र चौबे को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि समिति का उद्देश्य मतदाता सूची की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है, ताकि किसी भी स्तर पर मतदाता नामों में गड़बड़ी या हेराफेरी न हो सके। अभियान की निगरानी के लिए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को कोरबा का प्रभार दिया गया है।

### कैरम प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों ने गेवरा महाप्रबंधक को सौंपी ट्रॉफी



**कोरबा।** अंतरक्षेत्रीय कैरम स्पर्धा में एसईसीएल-गेवरा एरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन से विजेता का खिताब हासिल किया। स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों ने गेवरा परियोजना के महाप्रबंधक पार्थ मुखर्जी से मिलकर उन्हें ट्रॉफी सौंपी। इस दौरान महाप्रबंधक पार्थ मुखर्जी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक पार्थ मुखर्जी ने कहा कि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से गेवरा परियोजना का गौरव बढ़ा है। ऐसी प्रतियोगिताएं कर्मचारियों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। इस अवसर पर गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अजय बेहरा, हिंद मजदूर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव, कार्मिक प्रबंधक सुधा, श्रमिक संगठन से एस.डी. मानिकपुरी, शेख मकसूद, ओमप्रकाश, आनंद, शिव, अजहर, जगरलाल, वजाहद उपस्थित थे।

### परीक्षा में उत्तीर्ण श्रमिकों को रिक्त पदों में भर्ती के लिए चुना जाएः सुरेन्द्र



**कोरबा।** सुरेंद्र मिश्रा ने निदेशक मानव संसाधन, एसईसीएल, बिलासपुर को एक पत्र लिखकर लिपिक ग्रेड-3 के पदों की संख्या बढ़ाने की अनुरोध किया। जिसके लिए एक नवंबर को परीक्षा आयोजित की गई थी। साथ ही यह भी अनुरोध किया कि उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण सभी श्रमिकों को श्रम शक्ति बजट के अनुसार रिक्त पदों को भरने के लिए चुना जाए। निदेशक मानव संसाधन के साथ चर्चा के दौरान सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि जिन 536 परीक्षार्थियों को शार्ट लिस्ट किया है, वह संख्या रिक्त पदों के अनुरूप काफी कम है। उन्होंने यह आश्वासन दिया है कि इनकी संख्या अधिक से अधिक बढ़ायी जाएगी ताकि रिक्त पदों को भरा जा सके।

### बिलासपुर रेल हादसे के मृतकों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** बिलासपुर जिले में एक भीषण रेल दुर्घटना मंगलवार की शाम गतौरा और बिलासपुर रेलवे स्टेशन के बीच हुई। जिसमें गेवरा रोड से बिलासपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन पीछे से एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है। मरने वालों में यात्री ट्रेन के लोको पायलट (चालक), विद्यासागर भी शामिल हैं। इस दुर्घटना में 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। इस घटना को लेकर आदमी पार्टी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कोरबा जिलाध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन ने इस दुर्घटना के लिए रेलवे और राज्य केंद्र मे बैठी भाजपा सरकार को जिम्मेदार बताया है उन्होंने मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ व घायलों की परिवार को 15 लाख रुपये राशि प्रदान करने मांग किया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### युवक की नाले...

गुरुवार की सुबह उसकी मोटरसाइकिल कुचेना मार्ग स्थित लक्ष्मण नाले के पास मिली थी। बाइक मिलने के बाद संदेह के आधार पर पुलिस व स्थानीय लोग लक्ष्मण नाले के पास पहुंचे और नाला में उसकी खोजबीन की गई तो सुभाष तिवारी का शव नाले से बरामद किया गया। सुभाष की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने सुभाष तिवारी की मोटरसाइकिल को ठोकर मारा होगा और वह सीधे नाले में गिर गया होगा जिसकी वजह से उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### मकानों के आबंटन मुद्दे पर बीएमएस असहमत

# वरियता के आधार पर किया जाए कोयला कर्मियों को आवास आबंटनः बीएमएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा कोयला खदान बन्द करने के क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति की चेतावनी भरे पत्र के बाद प्रबन्धन ने लगभग सभी मांगों को पूरा किया है। वह खदान बंदी को टालने की कोशिश में आंशिक रूप से सफल रहा किंतु बीएमएस अपनी मांग पर कायम है और अलग होकर हड़ताल के लिए तत्पर संयुक्त खदानबंदी आंदोलन की चेतावनी से हड़बड़ाए प्रबन्धन द्वारा आयोजित बैठक में बीएमएस को छोड़कर अन्य संगठनों ने 94 क्वार्टर आवंटन श्रमिक संगठन द्वारा सुझाए गए तरीके पर सहमति दी है। जबकि बीएमएस ने आवासों का आवंटन वरीयता के आधार पर करने की मांग की है।

असहमति को देखते हुए बीएमएस ने अन्य संगठनों से खुद को अलग करते हुए आंदोलन का निर्णय अब भी कायम रखा है। आगे इस मुद्दे पर संगठन द्वारा आंदोलन किए जाने की योजना है। क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति के साथ प्रबंधन के अधिकारियों की बैठक में बीएमएस के हिरण चन्द्रा और अमिया मिश्रा ने आवासों का आवंटन वरीयता के आधार पर करने का सुझाव दिया। दूसरी ओर अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने 94 क्वार्टर का आवंटन श्रमिक संगठन द्वारा सुझाए गए तरीके से करने का सुझाव दिया। इस सुझाव से असहमत बीएमएस ने खुद को अन्य संगठनों से अलग करते हुए इस निर्णय का विरोध किया है। इस संबंध में महाप्रबंधक को बीएम की ओर से पत्र भी लिखा गया है, जिसमें कहा गया है कि आवास आवंटन में त्रुटि दिखाई दे रही है जिससे कर्मियों व बीएमएस संगठन के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। सीनियर कर्मचारी किराए के मकान में और जूनियर कंपनी के मकान में रहता है। ऐसे में आवास आवंटन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो और आवंटन वरीयता के आधार पर करने की मांग की गई है। महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा दिए गए सुझावों पर क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनी सहमति व्यक्त करते हुए अपना प्रस्तावित धरना, प्रदर्शन, हड़ताल को समाप्त करने की घोषणा की गई। बैठक में प्रबन्धन की तरफ से सचिन तानाजी पाटिल महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र, अरबिंद कुमार राय महाप्रबंधक (संचालन) वीरेंद्र कुमार, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन), कुसमुंडा क्षेत्र के अलावा यूनियन प्रतिनिधियों में हिरण चंद्रा व अमिया मिश्रा बीएमएस, अजीत कुमार सिंह व बृजलाल पणिका एसकेएमएस, सुरजीत सिंह व अशोक कुमार साहू एचएमएस, राजू लाल सोनी व नवल किशोर सिंह एस के एम सी, सजी टी जॉन समार सिंह चौहान के एस एस से शामिल रहे।



फाइल फोटो

#### किया गया विरोध

बीएमएस के जेसीसी सदस्य कुसमुंडा एरिया अमिया मिश्रा ने कहा कि 94 क्वार्टर आवंटन के सुझाव पर असहमति संगठन ने जताई है। अभी भी ऐसे 1500 कर्मचारी है, जिन्हें आवास नहीं मिला है। जिन्होंने 4-5 वर्ष से आवेदन दे रखा है। ऐसे में कर्मियों को उनकी वरीयता के आधार पर आवास आवंटन होना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर भविष्य में भ्रष्टाचार की शिकातय सामने आ सकती है।

#### संयुक्त समिति के इन सुझावों पर सहमति

एम टी के-1 को एम टी के-3 में मर्जर किया जाएगा। पार्किंग के लिए वाहन स्टैंड की व्यवस्था की जाएगी। बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सडक की व्यवस्था सुव्यवस्थित की जाएगी। कंपनी आने-जाने वाले कर्मचारियों के लिए भी हेल्प डेस्क उपलब्ध कराई जाएगी। एम्बुलेंस सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। आईसीएच मोबाइल कैंटीन संचालन के लिए प्रयास किए जाएंगे। एसी कैंटीन की जल्द व्यवस्था की जाएगी। संयुक्त श्रमिक संगठनों द्वारा उठाए गए आवास आवंटन संबंधी आदेशों की समय-सीमा निश्चित कर दी गई है। 7 नवंबर तक संडे ड्यूटी के लिए विचार किया जाएगा। सुरक्षा भंडारण को एंट्री के पास लाने के लिए कोशिश की जाएगी। विकास नगर जेआरसी क्लब को सीआईएसएफ से बात करके यथाशीघ्र खाली कराया जाएगा। महाप्रबंधक कार्यालय के वाशरूम का निरीक्षण कर सुविधाजनक बनवाया जाएगा। महिला शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। दोनों कॉलोनियों में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु कार्यवाही की जाएगी।

## कटघोरा नगरी में गूंजेगा जय श्री श्याम का उद्घोष



कार्यक्रम के लिए नगर में की गई सजावट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भक्ति, आस्था और प्रेम का संगम मानी जाने वाली कटघोरा नगरी इस वर्ष फिर एक ऐसे आयोजन की साक्षी बनने जा रही है जो न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक होगी बल्कि नगर की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का भी परिचायक बनेगा। 8 से 10 नवम्बर तक यहां आयोजित होने जा रहा है तीन-दिवसीय श्याम महोत्सव जिसमें श्याम पाठ, श्याम नाम की मेहंदी, निशान यात्रा और भव्य भजन संध्या श्याम गुणगान 4.0 जैसे कार्यक्रम पूरे नगर को श्याममय बना देंगे। पहले दिन 8 नवम्बर को श्याम पाठ एवं श्याम नाम की मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संध्या बेला में विशेष रसपूर्ण परंपरा श्याम नाम की मेहंदी आयोजित होगी। 9 नवम्बर को बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा एवं नगर परिक्रमा, 10 नवम्बर को श्याम गुणगान 4.0 भक्ति, संगीत और प्रेम से सजी भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें देशभर से प्रसिद्ध भजन गायक मंच की शोभा बढ़ाएँगे। कार्यक्रम में प्रमोद त्रिपाठी, अमित अग्रवाल, कनिका गौवर, निहाल ठक्कर, रोहित मित्तल शामिल रहेंगे और कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। सभी कार्यक्रम अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित किए जाएंगे।

#### खास बात

- 8 से 10 नवंबर तक होगा बाबा श्याम का तीन दिवसीय भव्य महोत्सव



### नृत्यांगना शान्वी ने राष्ट्रीय स्तर पर मचाई धूम

**कोरबा।** राजनांदगांव के गांधी सभागृह में 31 अक्टूबर को आयोजित कौशिकी राष्ट्रीय नृत्य उत्सव मे जमनीपाली कोरबा की नन्ही नृत्यांगना शान्वी चतुर्वेदी ने स्पेशल परफॉर्मेंस दिया और उन्हें कृष्ण की नृत्य सम्मान से सम्मानित किया गया। शान्वी चतुर्वेदी डीडीएम पब्लिक स्कूल की क्लास प्रथम की छात्रा है और बालको रिटायर्ड मणिशंकर चतुर्वेदी की पोती है। पिता अनूप चतुर्वेदी एसबीआई लाइफ कुसमुंडा में पदस्थ है। माता संध्या चतुर्वेदी उन्हें निरंतर अभ्यास और प्रोत्साहन देकर उनके कला को निखारने में अहम भूमिका निभा रही हैं।



### योद्धा को मिला नृत्य रत्न अवार्ड

**कोरबा।** 29 से 31 अक्टूबर तक गांधी सभा गृह म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में नर्तन फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं फेस्टिवल महोत्सव में डीपीएस बाल्को की कक्षा चौथी की छात्रा योद्धा पर्वतम ने अपनी उत्कृष्ट कथक नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। योद्धा ने अपनी नृत्य प्रतिभा और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से मंच पर ऐसा जादू बिखेरा कि उन्हें कृष्णा की नृत्य रत्न सम्मान से नवाजा गया। इस उपलब्धि से कोरबा एवं बाल्को नगर का गौरव बढ़ा है। योद्धा अंतर्राष्ट्रीय तबला एवं कथक नृत्य गुरु मोरध्वज वैष्णव की शिष्या हैं।

## एचटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए मुख्य अभियंता व कर्मियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम से अक्टूबर माह में मुख्य अभियंता प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अनुभाग अधिकारी शिवकुमार जायसवाल, वरिष्ठ पर्यवेक्षक नीलकंठ साहू, राम विलास साहू और कनिष्ठ पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार कैवत्र्य सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य अभियंता एवं कर्मचारियों को विद्युत कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एचके. सिंह ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एचके सिंह के हाथों सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन, आरके पांडे, केएनबी राव, सुधीर पंड्या, एससी पाठक और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके कुरनाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में मुख्य अभियंता श्री सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं कर्मचारियों द्वारा अपने 37 से 40 वर्ष के दीर्घ कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र साहू एवं आभार प्रदर्शन जीडी बर्वे द्वारा किया गया। दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में डीएसपीएम के मुख्य अभियंता संजीव कंसल, मुख्यालय रायपुर से मुख्य अभियंता सुभाष शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आयुष्मान ठाकर, आशुतोष देवांगन, अधीक्षण अभियंता प्रशांत बापट समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्तों के परिजन उपस्थित रहे।

## उद्योग मंत्री 4.91 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखन देवांगन

प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 7 नवम्बर को कोरबा में 4 करोड़ 91 लाख 49 हजार रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मंत्री श्री देवांगन दोपहर 3 बजे न्यू अमरैय्या पारा (टॉवर के नीचे) जोन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14, न्यू रेलवे कॉलोनी शिव मंदिर के पास धनंजय घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 10 लाख रूपए, टीकम राठौर के घर से सुरजीत सिंग खत्री घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 12 लाख रूपए, अमरैय्या पारा अंतर्गत पॉवर टॉवर के पास सीसी रोड एवं नाला निर्माण कार्य राशि 88 लाख रूपए, हरियाणा गली में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 10 लाख रूपए, मुड़ापार बायपास मार्ग में रायल इंफील्ड शोरूम से पेट्रोल पम्प तक आरसीसी नाला एवं सीसी रोड निर्माण कार्य राशि 26 लाख, मुड़ापार तालाब के पास नाला से तलाब तक ओव्हर फ्लो कलवर्ट निर्माण कार्य राशि 28 लाख रूपए का भूमिपूजन करेंगे। मंत्री श्री देवांगन दोपहर 3.35 बजे कोरबा नमो गार्डन के पास शारदा विहार वार्ड क्रमांक 13 में वृद्धजनों हेतु सियाद सदन निर्माण हेतु राशि 10 लाख रूपए, शाम 4 बजे कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत वार्ड क्रमांक-36 डिंगापुर ओम फ्लैट के पीछे नाली एवं सीसी निर्माण कार्य राशि 20 लाख रूपए, डिंगापुर में (राजेश जनरल स्टोर्स से दीपक यादव) के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य राशि 10 लाख रूपए, कलेक्टोरेट परिसर में स्थित सायकल स्टैण्ड का विकास कार्य राशि 10.56 लाख, एसपी ऑफिस से रजगामार्ग तक बीटी रोड निर्माण कार्य राशि 199.93 लाख रूपए आदि कार्य शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में ट्रेलर के हेल्पर की मौत

**कोरबा।** बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांगो थाना क्षेत्र में तान नदी के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में ट्रेलर के हेल्पर की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण ट्रेलर ड्राइवर की लापरवाही बताई जा रही है। नीरज कुमार सिंह ट्रेलर सीजी-04पीएन-6683 पर हेल्परी का काम करता था। ट्रेलर अंबिकापुर से कोयला लेकर बांगो के रास्ते कटघोरा होकर दुर्ग के लिए निकला था। इसी बीच तान नदी के पास एक ट्रेलर ब्रेकडाउन होकर पहले से खड़ी थी। ट्रेलर ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर खड़ी ट्रेलर को पीछे से ठोकर मारा। इससे हेल्पर साइड बैठे नीरज सिंह को गंभीर चोटें आई। उसकी स्थिति गंभीर हो गई। वहां से घायल को पोड़ी उपरोड़ा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान नीरज ने दम तोड़ दिया। वह थाना बारूड़, ग्राम शिवनाथपुर, जिला औरंगाबाद बिहार का रहने वाला था। अपराध दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

## धान खरीदी हेतु संवेदनशील धान उपार्जन केन्द्रों के लिए प्रभारी अधिकारी नामांकित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा धान खरीदी हेतु जिले के धान उपार्जन केंद्रों के लिए प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है। 15 नवंबर से सहकारी समितियो के माध्यम से किया जायेगा। समिति स्तर पर धान खरीदी अवधि के दौरान जिले के अति संवेदनशील एवं संवेदनशील खरीदी केन्द्रो में प्रभारी अधिकारी नामांकित किए गए। जारी आदेश के अनुसार अति संवेदनशील धान उपार्जन केन्द्र उतरदा के लिए तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानू, कुल्हरिया के लिए तहसीलदार पसान विरेन्द्र कुमार और अखरापाली के लिए तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है।इसी प्रकार संवेदनशील धान उपार्जन केन्द्र भिलाईबाजार हेतु नायब तहसीलदार दीपका बंदेराम भगत, कटघोरा- तहसीलदार कटघोरा सूर्यप्रकाश केशकर, सुमेधा- तहसीलदार दर्री प्रियंका चंद्रा, करतला- नायब तहसीलदार करतला देवेन्द्र कुमार, तुमान- राजस्व निरीक्षक बरपाली केशर चौहान, बरपाली (बरपाली)- तहसीलदार बरपाली सत्यपाल प्रताप राय, उमरेली- राजस्व निरीक्षक कोथारी पुरूषोत्तम धाकडे, सोहागपुर- नायब तहसीलदार बरपाली जानकी काठले, दादरखुर्द- नायब तहसीलदार कोरबा सविता सिदार, सोनपुरी- नायब तहसीलदार कोरबा दीपक पटेल, बरपाली(कोरबा) - नायब तहसीलदार भैंसमा मधुसुदन, तिलकेजा- तहसीलदार भैंसमा के.के.लहरे, भैंसमा- राजस्व निरीक्षक भैंसमा करूणा मैत्री, नोनबिर्रा- राजस्व निरीक्षक हरदीबाजार नारायण बागरी, हरदीबाजार- राजस्व निरीक्षक हरदीबाजार प्रदीप कुमार सोनी, कोरबी (पोंड़ीउपरोड़ा)- राजस्व निरीक्षक कोरबी रंजीत भगत आदि बनाया गया है।

## मितानिनों एवं ग्रामवासियों ने सीएचसी प्रभारी पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पताढी के प्रभारी द्वारा मरीजों व मितानिन से दुर्वव्यवहार किया जा रही है। सीएचसी पताढी में पूर्व आरएमए चंचल कौशिक के ट्रांसफर के बाद कई सालों से गर्भवती के पेट का जांच कभी भी रजनी कटकवार द्वारा नहीं किया जाता। प्रसव के लिए मितानिन गर्भवती को लेकर आते हैं तो रिफर कर दिये जाने के बाद रात्रि समय 8 बजे मितानिन के कई बार बोलने पर उन्हें हास्पिटल के बोर से पानी नहीं भरने दिया गया, मितानिन व परिवार को किसी और घर से भोजन करने के लिए पानी मांगकर पीना पड़ा रहा है। महिला ने बताया कि एक दिन उसकी तबियत खराब होने पर दर्द का टेबलेट के लिए फोन करने पर रजनी कटकवार ने दवाई नहीं दी तथा उसके पति के लिए खांसी का सिरप मांगने पर सिरप नहीं दिया गया। मजबूर होकर महिला को गांव के मेडिकल स्टोर से दवा खरीद कर लाना पड़ा। इस तरह गांव में हास्पिटल होने के बाद भी न मरीज को सही तरह से सुविधाएं नहीं मिल रही हैं अगर कोई बुखार की मरीज जांच कराते हैं तो दूसरे दिन आते देखते हैं। इस तरह मरीज प्रताडित हो रहे है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मितानिन व ग्रामवासियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से रजनी कटकवार को पताढी से हटाने की मांग की है।

कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### पार्षद ने गौरी-गौरा पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

**कोरबा।** मानस नगर, जेलगाँव बस्ती एवं बालकों चेक-पोस्ट, बेलगिरी बस्ती में आयोजित गौरी-गौरा पूजन कार्यक्रम में पार्षद एवं जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन ने सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की प्रतिमूर्ति का श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि गौरी-गौरा पूजन हमारे समाज की एक प्राचीन परंपरा है, जो पारिवारिक एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकसंस्कृति के संरक्षण का प्रतीक है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सरोज शांडिल्य, पार्षद तरुण राठौर, पार्षद रामकुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति सदस्य लक्ष्य चतुर्वेदी तथा आयोजन में सक्रिय सहयोग देने वाले अंकित, अमित, सूरज, विक्की, गौरव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### अघ्हन गुरुवार को लक्ष्मी पूजा के साथ किया दीपदान



**कोरबा।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अगहन मास में धार्मिक गतिविधियां जारी है। गुरुवार को सूर्योदय से पहले हिंदू समाज की महिलाओं ने पूजा अर्चना करने के साथ दीपदान किया। परंपरा के अंतर्गत पिछली रात को ही संथाल बोले अपने घरों में साफ सफाई के साथ चावल आटे से अल्पना तैयार की। धन की देवी लक्ष्मी के पैर के साथ कई आकृतियां तैयार की। इधर पूजन कक्ष से आंगन तक बनाने की परंपरा है। मान्यता है कि ऐसा करने से समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### जिल्गा में शिव मंदिर निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिल्गा (बरपाली) गांव के श्रीराम मंदिर एवं भगवान भोलेनाथ मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। आयोजन के मौके पर हिंदू जागरण मंच के जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश झा एवं मिथिलेश पांडे अतिथि थे। यह क्षेत्र हिन्दू बाहुल्य होने के बावजूद आज तक किसी मंदिर का निर्माण नहीं हुआ था। इसलिए इस मसले पर ग्रामवासी स्वयं आगे आए हैं और अपने ग्राम में भगवान श्रीराम एवं शिवशंकर का मंदिर बनाकर धार्मिक जागरण और एकता का प्रतीक स्थापित करने का संकल्प लिया है। मंदिर निर्माण की नींव रखते हुए सुरेश झा ने कहा कि हिन्दू समाज तभी संगठित रहेगा जब उसका आस्था केंद्र सशक्त होगा। जिन गांवों में मंदिर नहीं हैं, वहां धर्मांतरण की प्रवृत्ति तेजी से फैलती है। मंदिर न केवल पूजा का स्थल है, बल्कि वह हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का केंद्र है। जिल्गा में यह पहल आने वाले समय में अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बनेगी।

### पर्यटन और आस्था का केंद्र बना झोरा घाट



**कोरबा।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर जिले का प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र झोरा घाट जिसे लोग मिनी गोवा के नाम से भी जानते हैं, आज उत्सव का केंद्र बना रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और हसदेव नदी में आस्था की डुबकी लगाई, पूजा-अर्चना की तथा अपने परिवार के साथ पिकनिक का आनंद लिया। झोरा घाट का पूरा इलाका दिनभर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कुछ समय पहले तक इस क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की मौजूदगी के कारण परिवारों को असुविधा होती थी लेकिन कटघोरा पुलिस की सख्ती और सतर्कता के चलते अब माहौल पूरी तरह सुरक्षित और शांतिपूर्ण बना हुआ है। पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते रहे और हर गतिविधि पर नजर बनाए रखी ताकि श्रद्धालु व पर्यटक बिना किसी परेशानी के पर्व का आनंद ले सकें।

### कटघोरा बाईपास मार्ग में हुआ हादसा

# ट्रेलर व टैंकर में भिड़ंत, चालक को आई चोट, लगा रहा घण्टों जाम



दुर्घटनाग्रस्त टैंकर व ट्रेलर।



हादसे के बाद इस तरह वाहनों की लगी थी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर व टैंकर के बीच आमने सामने भिड़ंत हो जाने से कटघोरा जेंजरा बाईपास मार्ग कुछ घंटों के लिए बाधित हो गया था। इस हादसे में दोनों वाहन के चालकों को चोट आयी है जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा जेन्जरा बायपास के मध्य स्थित ग्राम पंचायत हुंकरा के मुडाभाटा के पास गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे एक तेज़ रफ्तार ट्रेलर और इंडियन ऑयल का टैंकर में आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम की स्थिति लगभग डेढ़ घंटे तक बनी रही, जिससे सैकड़ों वाहन फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में ट्रेलर और टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर घंटों की मशक्कत के बाद सड़क पर पड़े दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाया, तब जाकर यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बायपास सड़क की स्थिति पहले से ज्यादा खराब है। जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे और उड़ती धूल के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सड़क की मरम्मत और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।इस हादसे के कारण अम्बिकापुर और चिरमिरी की ओर जा रहे भारी वाहनों की लंबी लाइन लग गई, जिससे परिवहन कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और दोनों वाहनों के चालकों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




निरीक्षण करते सीएमएचओ।

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के द्वारा लगातार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु निरीक्षण किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा,शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर इमलीडुग्गू, सीतामणी तथा 15 ब्लाक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों का उपस्थिती रजिस्टर, ओ.पी.डी., आई.पी.डी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष पैथोलॉजी कक्ष तथा वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण किए। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता, उपकरणों तथा दस्तावेजों का सही रख रखाव पर ध्यान देने , सभी स्वास्थ्यगत व्यवस्थाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि करने, विद्युत व्यवस्था अच्छी रखने, अस्पताल तथा अस्पताल परिसर की साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में एन.सी.डी, सिकलसेल, आयुष्मान भारत किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक इत्यादि समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढ़ग से संचालित करने तथा समस्त कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग समय पर आनलाईन तथा आफलाईन करने को निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने सर्दी के मौसम में होने वाली बुखार, सर्दी-खांसी की संपूर्ण दवाएं स्वास्थ्य केन्द्रों में रखने, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बेहतर ढ़ग से क्रियान्वयन करने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में जागरूकता संबंधी जानकारी लोगों को देने तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा निर्धारित समय पर कार्य संपादन करने एवं मुख्यालय में रहने का निर्देश दिये।

# एसईसीएल को जमीन चाहिए तो ग्रामीणों से करें सीधे बात: बोधराम



धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्रामवासियों की जायज मांगों को नजरंदाज कर ड्रोन सर्वे, मकानों की नापी की जा रही है। जमीन एसईसीएल दीपका प्रबंधन को चाहिए तो वो ग्रामवासियों से सीधे बात करे। हम सभी रोज हैवी ब्लास्टिंग,धूल व पानी की समस्या झेल रहें हैं परेशानी हमें है। हम सभी देश के विकास में अपने पुरखौती गांव घर खेत खलिहान एसईसीएल प्रबंधन को देकर जाने तैयार है, लेकिन उसके बदले मिलने वाली वाजिब हक सर्व सुविधायुक्त बसाहट, वर्तमान स्थिति पर जमीन व मकानों का मुआवजा, नौकरी, वर्ष 2004-2010 के बाद की खरीदी रजिस्ट्री जमीन स्वामी को शत प्रतिशत मुआवजा व अन्य सुविधाएं दी जाए।

**खास बातें**

- एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्रामीणों का एक दिवसीय धरना
- जायदज मांगों को पूरा नहीं करने पर हरदीबाजार के ग्रामीणों ने भूख हड़ताल व खदान बंदी की दी चेतावनी

उक्त बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक बोधराम कंवर ने हरदीबाजार कॉलेज चौक में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कही। हरदीबाजार के ग्रामीणों ने एसईसीएल दीपका प्रबंधन के खिलाफ गुरूवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था। धरना प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता बोधराम कंवर ने कहा कि ग्रामीणों व एसईसीएल दीपका प्रबंधन ग्रामवासियों के हित में जो हो उसे आपस में बैठकर सुलझाना चाहिए। बाजवूद इसके जब देखो तब एसईसीएल जिला प्रशासन को सामने रखकर दबाव बनाकर, हरदीबाजार को कौड़ियों के दाम पर लेना चाह रहा है। ऐसा हम ग्रामवासी नहीं होने देंगे, चाहे इसके लिए हम सभी को विधिवत भूख हड़ताल, खदान बंदी आंदोलन ही क्यों न करना पड़े। हम सभी ग्रामवासी मिल कर अपने हक़ व जायज़ मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। हरदीबाजार के पंचायत प्रतिनिधियों व जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने दो दिन जन जागरुकता रैली निकाल कर ग्रामवासियों को एसईसीएल दीपका प्रबंधन की नीति व रीति के संबंध में जानकारी दी और मकानों सहित परिसंपत्तियों का नापी सर्वे नहीं करवाने और एकजुटता के साथ एसईसीएल प्रबंधन से लड़ने का आह्वान किया है। धरना प्रदर्शन को कटघोरा के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, राजेश जायसवाल, लेखराम पांडेय, सुरेंद्र राठौर, नरेश टंडन, उप सरपंच रेखा जायसवाल,रामशरण कंवर, अनिल टंडन ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रेम डिक्सेना, विजय जायसवाल, रमेश अहिर, मितेश सोनी, शशिधर सोनी, बजरंग पटेल, पंच प्रियंका जायसवाल, शैल राठौर, ममता ओग्रे, संतोष श्रीवास, राजेन्द्र जगत, धर्मेन्द्र डहरवाल, कृष्णा पटेल, सोहन निर्मलकर, श्री पिल्ले, पिंटू राठौर , राकेश ओग्रे, जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों उपस्थिति थे। ग्रामीणों ने जमकर एसईसीएल दीपका प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

# सर्वसमाज के आराध्य देव के अपमान के विरोध में आयोजित किया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




धरना प्रदर्शन करते समाज के पदाधिकारी।

समाज की आस्था और सम्मान से जुड़े मुद्दे पर पूरे प्रदेश में रोष व्याप्त है अमित बघेल के द्वारा सर्वसमाज के आराध्य देव के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में अग्रसेन चौक रायपुर में सर्व समाज के द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना आयोजित किया गया। इस धरने में प्रदेशभर से विभिन्न समाजों, संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया इस अवसर पर अग्रवाल सभा कटघोरा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज की आस्था के समर्थन में अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

**खास बात**

- अग्रवाल सभा कटघोरा की रही प्रभावशाली सहभागिता

धरने का आयोजन रायपुर में किया गया, जहां हजारों की संख्या में सर्वसमाज के लोग एकत्र हुए। समाज के प्रमुख अशोक मोदी ने कहा कि आराध्य देवताओं का अपमान किसी भी रूप में असहनीय है और ऐसे बयान न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हैं, बल्कि समाज की एकता और सौहार्द पर भी आघात करते हैं। वक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी व्यक्ति पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक आस्था का अपमान करने का दुस्साहस न करे। अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष, पवन अग्रवाल के नेतृत्व में सभा के पदाधिकारि एवं सदस्यों ने इस धरने में बढ़-चढ़कर भाग लिया सभा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि सर्वसमाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और जब भी समाज की आस्था या सम्मान पर आघात होगा, अग्रवाल सभा हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़ा मिलेगा। सभा के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि यह आंदोलन किसी एक समाज का नहीं बल्कि पूरे सर्वसमाज की गरिमा और श्रद्धा की रक्षा का आंदोलन है। धरने में महिला प्रकोष्ठ और युवा वर्ग की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। मंच से कई समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों और संगठनों के नेताओं ने अपने विचार रखे सभी ने एक स्वर में कहा कि धर्म, आस्था और संस्कृति की मर्यादा का उल्लंघन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ अंत में सर्वसमाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अग्रवाल सभा कटघोरा से अध्यक्ष पवन अग्रवाल, उपाद्यक्ष सुरेश बंसल, अनिल अग्रवाल, विजय गर्ग, बजरंग अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अजय धनोंदिया, हितेश गुप्ता, अनिल सिंघल, राजकुमार अग्रवाल, प्यारेलाल अग्रवाल, शंकर गर्ग, प्रशांत अग्रवाल, लक्ष्मी गर्ग कोरबा से रामसेवक अग्रवाल, शिव अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल सहित कोरबा, जमनीपाली, बालको, सक्ती, खरसिया, रायगढ़, बरमकेला, बिलासपुर, रायपुर, थान खमरिया, भिलाई, दुर्ग सहित सभी जिले से सर्वसामाज के नागरिक उपस्थित रहे।

# शासकीय आयुष पाली क्लीनिक में आईपीडी व ओटी का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के प्रावधान के अनुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य और मनोज उपाध्यक्ष एवं पार्षद हितनंद अग्रवाल के विशिष्ट आतित्य में भगवान धन्वंतरी के पूजन के पाश्चात्य और दीपक प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। डॉ पवन कुमार मिश्रा के द्वारा 7 रोगियों का सफ़लतापूर्वक शल्यक्रिया किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ उदय शर्मा के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता किया गया।

# थाने में मोबाइल मेडिकल यूनिट का स्वास्थ्य शिविर आयोजित



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित पुलिस कर्मी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग एवं कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 5 नवंबर को कटघोरा पुलिस थाना परिसर में एक विशेष मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में कटघोरा पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं जवानों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वहीं नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने भी शिविर में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और इस पहल की सराहना की। शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा उपस्थित सभी लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन एवं अन्य आवश्यक जांच की गईं। साथ ही लैब परीक्षण के पश्चात आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, नगर पालिका कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर जिले के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।







